
शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़ा सेंसेक्स में 308 अंक की तेजी



मुंबई। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों और खुदरा कंपनी ट्रेंट के शेयरों में जोरदार लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 308 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 116 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, वैश्विक बाजारों में कमजोर संकेतों के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेजी का रुख रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से शेयर बाजार की बढ़त सीमित रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 308.49 अंक यानी 0.42 प्रतिशत चढ़कर 74,459.53 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 591.55 अंक बढ़कर 74,742.59 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 116.35 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,053.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में ट्रेंट का शेयर सर्वाधिक 5.20 प्रतिशत चढ़ गया। टाटा समूह की खुदरा कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया था कि सितंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत बढ़कर 468 करोड़ रुपये रहा। राजस्व में वृद्धि और परिचालन क्षमता में सुधार से महंगाई के माहौल में भी कंपनी की आय को समर्थन मिला। इसके अलावा, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), इन्फोसिस, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, इटर्नल, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी ओर, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा स्टील के शेयरों में गिरावट रही। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में 1,335.7 अंक यानी 1.82 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी में कुल 453.1 अंक यानी दो प्रतिशत की बढ़त देखी गई। ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, %कच्चे तेल की कीमतों से जुड़ी चिंताओं के बावजूद घरेलू बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़कर बंद हुए।

स्वामी ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक ओमप्रकाश शुक्ला द्वारा आज यंत्रालय १, जापलिंग रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त
स्थानीय सम्पादक
हरिन्दर सिंह साहनी
वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग, **गोरखपुर** : बैंक रोड, **इलाहाबाद** : 3, लीडर रोड, **कानपुर** : बासमंडी, **झांसी** : गांधी भवन के सामने, **आगरा** : महात्मा गांधी मार्ग, **बरेली** : परसा खेड़ा रोड नं. 3, **पटना** : फ्रेजर रोड, **रांची** : नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**: कालीमाटी रोड
वर्ष-38 संख्या-13252
आर.एन.आई. नं. 47967/89
फोन-0522-2209312, 2209313
aaajlucknow@yahoo.com
aajlucknow@gmail.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिये स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

यूनियन बैंक के प्रबन्ध निदेशक ने किया दौरा

लखनऊ। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमडी एवं सीईओ) आशीष पांडेय ने आज लखनऊ का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बैंक के बुनियादी ढाँचे को सुदृढ़ करने, कर्मचारियों की सहभागिता बढ़ाने तथा ग्राहक संबंधों को मजबूत बनाने से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। लखनऊ प्रवास के दौरान श्री पांडेय ने एक कार्यक्रम में बैंकिंग क्षेत्र और देश की आर्थिक प्रगति से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने अयोध्या एयरपोर्ट पर यूनियन बैंक के नए एटीएम का उदघाटन किया। वृंदावन योजना, लखनऊ में बैंक के प्रस्तावित नए भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मिड कॉर्पोरेट शाखा के नए परिसर तथा अंचल कार्यालय में कर्मचारियों के लिए बास्केटबॉल टर्फ का उद्घाटन किया।

इण्डियन बैंक के प्रबन्ध निदेशक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले



लखनऊ। इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी बिनोद कुमार ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मौके पर बैंक को राज्य सरकार से प्राप्त होने वाले सहयोग तथा राज्य के आर्थिक विकास एवं प्रगति में बैंक की भूमिका से संबंधित विषयों पर चर्चा की। बिनोद कुमार मुख्य मंत्री के अलावा प्रदेश के उप मुख्यमंत्रियों बृजेश पाठक और केशव मौर्या एवं मुख्य सचिव से भी मुलाकात की। वहीं दूसरी ओर कॉर्पोरेट ग्राहकों के साथ एक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने उनकी बैंकिंग एवं वित्तीय आवश्यकताओं को समझने के लिए उनसे व्यक्तिगत रूप से संवाद किया। उन्होंने इंडियन बैंक की वृंदावन योजना, लखनऊ शाखा का उद्घाटन किया तथा क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय, लखनऊ के नवीनीकृत परिसर का भी लोकार्पण किया। यह क्षेत्र में बैंक की उपस्थिति को सुदृढ़ करने तथा ग्राहक सेवा को और बेहतर बनाने के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

भारतीय स्टेट बैंक के विभिन्न सीएसआर पहलों का शुभारंभ



लखनऊ। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी सीएसआर शाखा एसबीआई फाउंडेशन के माध्यम से एसबीआई स्थानीय प्रधान कार्यालय, लखनऊ में विभिन्न सीएसआर पहल शुरू की, जो सामुदायिक विकास, आजीविका सृजन, सामाजिक समावेश और भारत की राष्ट्रीय विरासत के संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। एसबीआई के प्रबंध निदेशक (कॉर्पोरेट बैंकिंग और अनुषंगियाँ) अश्विनी कुमार तिवारी ने एसबीआई स्थानीय प्रधान कार्यालय लखनऊ के मुख्य महाप्रबंधक दिपेश राज की उपस्थिति में इस पहल का शुभारंभ किया। कारगिल युद्ध के नायक और परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज कुमार पांडे को सम्मानित करते हुए एसबीआई सम्मान - राष्ट्रीय नायकों को श्रद्धांजलि के तहत सीतापुर के रूधा गांव में विकासात्मक पहलों पर प्रकाश डालने वाली एक पुस्तक का विमोचन सहित कई प्रमुख पहलों का उद्घाटन किया गया है। एसबीआई स्थानीय प्रधान कार्यालय, लखनऊ के मुख्य महा प्रबन्धक दिपेश राज ने विरासत संरक्षण, सामुदायिक विकास और समावेशी आजीविका में एसबीआई फाउंडेशन के प्रयासों पर प्रकाश डाला।

दूरसंचार कंपनियों को एआई नीति की निदेशक मंडल से लेनी होगी मंजूरी

नयी दिल्ली। दूरसंचार नियामक ट्राई ने दूरसंचार नेटवर्क और सेवाओं में कृत्रिम मेधा (एआई) के जिम्मेदार इस्तेमाल के लिए शुक्रवार को व्यापक दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किए। इसके तहत दूरसंचार कंपनियों को निदेशक मंडल से स्वीकृत एआई नीति बनानी होगी, विशेष निगरानी एवं सुरक्षा समितियां गठित करनी होंगी और एआई से जुड़ी गंभीर घटनाओं की जानकारी ट्राई को देनी होगी। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने संबंधित पक्षों से सुझाव मांगने के लिए जारी मसौदे में कहा है कि कंपनियां अपने नेटवर्क और सेवाओं में इस्तेमाल होने वाली एआई प्रणालियों के परिणामों के लिए जवाबदेह होंगी। यह जिम्मेदारी इस बात से प्रभावित नहीं होगी कि एआई प्रणाली कंपनी ने खुद विकसित की है, किसी तीसरे पक्ष से खरीदी है या आउटसोर्स की है। ट्राई ने मसौदा दिशानिर्देशों पर हितधारकों से 27 नवंबर तक सुझाव मांगे हैं। मसौदा दिशानिर्देशों के मुताबिक, एआई का इस्तेमाल करने वाली दूरसंचार कंपनियों और अन्य अधिकृत इकाइयों को अपनी एआई प्रणालियों को उच्च, मध्यम और निम्न जोखिम वाली श्रेणियों में बांटना होगा। यह वर्गीकरण नेटवर्क परिचालन, वित्तीय एवं परिचालन परिणामों और उपभोक्ताओं पर संभावित प्रभाव के आधार पर किया जाएगा। प्रत्येक कंपनी को अपने निदेशक मंडल या समकक्ष संचालन निकाय से मंजूर एक आंतरिक एआई नीति बनानी होगी। इसमें जोखिम का वर्गीकरण, एआई प्रणाली को इस्तेमाल की मंजूरी, घटनाओं का प्रबंधन, मानवीय निगरानी, डेटा का प्रबंधन और उपभोक्ता शिकायतों के निपटारे की व्यवस्था शामिल होगी।

स्मार्टवर्क्स ने आय वृद्धि का अनुमान बढ़ाया

गुरुग्राम। स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग स्पेसेस लिमिटेड ने 30 सितंबर को समाप्त हुई दूसरी तिमाही (वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही) के लिए अपने वित्तीय नतीजों की आज घोषणा की जिसमें आय और लाभप्रदता में एक बार फिर से मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। शेयर बाजार में कंपनी के सूचीबद्ध होने के बाद से लगातार छठी तिमाही में इसकी क्रमिक आय वृद्धि दर्ज की गई है और परिचालन से इसकी आय साल दर साल 39 प्रतिशत बढ़कर 591 करोड़ रुपये पहुंच गई। वहीं, मार्जिन सुधर कर 19.8 प्रतिशत पहुंचने के साथ इसका नॉर्मलाइज्ड एबिटा साल दर साल 68 प्रतिशत बढ़कर 117 करोड़ रुपये रहा, जबकि नॉर्मलाइज्ड शुद्ध लाभ दोगुने से अधिक होकर 43.4 करोड़ रुपये पहुंच गया। स्मार्टवर्क्स के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक नीतिश सारदा ने कहा हमने पहली तिमाही में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और हम वित्त वर्ष 2026-27 के लिए तय की गई अपनी योजना से काफी आगे चल रहे हैं।

भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उ0प्र0 खजिन भवन, लखनऊ

जेम कस्टम/बी0ओ0क्यू0 बिड सूचना

निदेशालय के उपयोग हेतु Resistivity Meter का जेम पोर्टल पर बिड/बी0ओ0क्यू0 हेतु निविदा संख्या-GEM/2026/B/81041521 दिनांक 30.10.2026 (Bid end date/Time 12.11.2026, 17.00) प्रकाशित कर दी गयी है। निविदा से सम्बन्धित शर्ते जेम पोर्टल पर सम्बन्धित निविदा के ATC में अंकित है।

(रंजीत निर्मल)
ज्येष्ठ खान अधिकारी, प्रभारी भण्डार
उ0प्र0 260009 दि. 24.10.2026
www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

पत्रांकः- 4919/98काम-गो0वृ0/26-27 दिनांक 24.10.2026

ई-निविदा सूचना (संशोधित)
(स्वीकृति की प्रत्याशा में)

इस कार्यालय के निविदा सूचना संख्या-4784/98काम-गो0वृ0/26-27 दिनांक 16.10.2026 द्वारा निम्नाकिंत कार्य की निविदा आमंत्रित की गयी थी जिसे अपारिहार्य कारणो से महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है।

क0 सं0	जनपद/ खण्ड/विधान साभ का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित)	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	गोण्डा/ प्रान्तीय खण्ड	महाराजगंज खरगूपुर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (5 वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	1500.00	30.00	11800	12 माह	ए

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 04.11.2026 से 21.11.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 21.11.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 21.11.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 21.11.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(प्रमोद कुमार त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, गोण्डा

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

उ0प्र0 259790 दि. 29.10.2026 www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

सूचना

मैंने अपने पुत्र इब्राहिम को उसके गलत आचरण व्यवहार व कृत्यों की वजह से अपनी चल अचल सम्पत्ति एवं सम्बंधों से विच्छेद कर दिया है उसके द्वारा किसी भी प्रकार के लेनदेन व कृत्यों की जिम्मेदारी उसके स्वयं की होगी। भविष्य में मेरा व परिवार वालो का उससे कोई लेना देना नहीं होगा। जाहिद पुत्र स्व० चंदू निवासी-म०नं० 356/318/33 अशरफ नगर, राजाजीपुरम थाना तालकटोरा, लखनऊ उ०प्र०

सूचना

त्रुटिवश मेरे पिता का नाम मेरे डी०एल (UP3119940000363) में SOBARAN SINGH दर्ज हो गया है। जबकि उनका सही नाम SWARAN SINGH है जो उनके आधार एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित है अब मेरे पिता को SWARAN SINGH के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा-पढ़ा जाए। रणधीर सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह (SWARAN SINGH) निवासी-ग्राम पटेहरा अम्बस्त्रोंत, लखीमपुर खीरी

सूचना

सर्व साधारण को सूचित हो कि मैं देशमुख पुत्र श्री रघुबीर सिंह, नि0 बी-403, श्री बालाजी स्टेटस, नियर वाइड एंगल सिनेमा, महेसाना, जिला महेसाना, गुजरात-384002। मैंने वर्ष 2004-2005 में 'बी०टेक०' की परीक्षा शिवदान सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, अलीगढ़' से उत्तीर्ण की थी, जिसका 'रोल नं०-0000740007 है। मेरी बी०टेक० की मूल डिग्री व अंक पत्र कहीं खो गई है, किसी अन्य के द्वारा इसका उपयोग अवैध होगा मिलने पर AkTU को सूचित करें।

सूचना

मैं शपथिनी सरोज पत्नी स्व० कमल कान्त, निवासी 14/163, बर्फ खाना, हुसैनगंज, लखनऊ, शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे विवाह से पूर्व मेरे आवास का मकान संख्या 14/186 था, जो वर्तमान में 14/163 है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सरोज (SAROJ) अंकित है। यह कि सरोज विश्वकर्मा (SAROJ VISHWAKARMA), सरोज विश्कर्मा (SAROJ VISHKARMA) एवं सरोज (SAROJ) तीनों नाम शपथिनी के ही हैं। शपथिनी वर्तमान में 14/163, बर्फ खाना हुसैनगंज, लखनऊ की निवासी हैं।

हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप

न्यायालय नायब तहसीलदार मलिहाबाद जिला लखनऊ। वाद सं०-T202610460106983 सन् 2026 ई० अंतर्गत धारा 209 ज उ0प्र0रा0 संहिता 2006 रिंकी वादी बनाम सोनू। 1. सोनू पुत्र फूलचन्द्र, 2. आरती यादव पुत्री फूलचन्द्र नि0 मोहम्मद नगर रहमत नगर पर0तह0 मलिहाबाद, लखनऊ प्रतिवादी। चूंकि उपरोक्त नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि विपक्षी अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 05/11/26 के दिवस को 10:30 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपर्स जाता हूँ और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन का एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 30/10 सन् 2026 के दिवस को दिखाई गयी। **न्यायालय की मोहर**

सूचना

मैं निधि शुक्ला पुत्री गंगा सरन डी 2/321 सेक्टर डी एल डी ए कॉलोनी कानपुर रोड लखनऊ की निवासिनी हूँ। शादी के पूर्व मेरा नाम निधि श्रीवास्तव था विवाह के उपरांत मेरा नाम निधि शुक्ला हो गया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना

मैं AMINA BANO पत्नी SHAFIQ HUSAIN SIDDIQUI निवासिनी हाउस नंबर 461, शेखपुरा कॉलोनी, अलीगंज लखनऊ की हूं मैने अपना नाम AMINA BANO से बदलकर AAMINA BANO रख लिया है अब भविष्य में मुझे AAMINA BANO के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

सूचना

मैं MADIHA पत्नी MOHAMMAD RAFEY निवासी 400/54 लिबास टेलर झवाई टोला, अब्दुल अजीज रोड चौपटिया लखनऊ की हूं मैने अपना नाम MADIHA से बदलकर MADIHA SHAHID रख लिया है अब भविष्य में मुझे MADIHA SHAHID के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपना नाम सादिक जहीर सैय्यद से बदलकर सैय्यद सादिक जहीर कर लिया है ! भविष्य में मुझे सैय्यद सादिक जहीर पुत्र सैय्यद लियाकत हुसैन निवासी-141, छत्ता रानी बिलहरा, टूरियागंज, विक्टोरिया स्ट्रीट, थाना-चौक, जिला लखनऊ उ0प्र0 226003 के नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम JUBEDA था, जिसे बदलकर मैंने ZUBEDA KHATOON कर लिया है। भविष्य में मुझे ZUBEDA KHATOON W/O RIZWANUL HAQUE नाम से जाना पहचाना जाए। पता : नियर हाजी खुदाबक्श मस्जिद, गदुरहवॉ, बलरामपुर, उ0प्र0 नोटः पुराना नाम : JUBEDA नया नाम : ZUBEDA KHATOON

सूचना

मैने अपने (माइनर) पुत्री का नाम CECILIA से बदलकर CECILIA AWADHESH KUMAR रख दिया है। अब भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। D/0-AWADHESH KUMAR ADD-001 TOWER, AMBROSIA-A, OMAXE RESIDENCY-II, SARSAWAN, PO-ARJUNGANJ, DIST-LUCKNOW-226002 (U.P.)

सूचना

मैं MOHAMMAD SHADAB AHMAD पुत्र RAIS AHMAD निवासी सीते विहार कॉलोनी, दुबग्गा, जिला लखनऊ का हूं मैने अपना नाम MOHAMMAD SHADAB AHMAD से बदलकर MOHAMMAD SHADAB रख लिया है अब भविष्य में मुझे MOHAMMAD SHADAB के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

देशभर में एक नवंबर से शुरू होगा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान

नयी दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि देश भर में एक नवंबर से 2,000 शहरों और जिलों में डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान शुरू किया जाएगा। यह अब तक का सबसे बड़ा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान है। पेंशन जारी रखने के लिए पेंशनभोगियों को हर साल जीवन प्रमाणपत्र जमा करना होता है। डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र के जरिये यह प्रक्रिया 'जीवन प्रमाण' नामक बायोमेट्रिक आधारित डिजिटल सेवा से पूरी की जा सकती है। कार्मिक मंत्रालय के बयान के अनुसार, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग एक नवंबर से से पांचवां राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान शुरू करेगा, जो 30 नवंबर, 2026 को समाप्त होगा। यह अब तक का सबसे बड़ा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान होगा। सरकार ने कहा कि इस अभियान के लिए पेंशन वितरित करने वाले बैंकों, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, पेंशनभोगी कल्याण संघों, रक्षा महालेखा नियंत्रक (सीजीडीए), दूरसंचार विभाग, रेलवे, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), राज्य सरकारों, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ समन्वय किया जाएगा। इसका उद्देश्य देश के दूरदराज के इलाकों में रहने वाले पेंशनधारकों तक पहुंचना है।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.27 अरब डॉलर घटा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 1.27 अरब डॉलर और गिरकर 719.75 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले 16 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 5.01 अरब डॉलर घटकर 721.01 अरब डॉलर रहा था। प्रवासी भारतीयों की जमा पर विशेष रियायती अदला-बदली योजना (एफसीएनआर-बी) के तहत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा आने से चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार अपने उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इस योजना के जरिये बैंकों ने करीब 133 अरब डॉलर की रिकॉर्ड राशि जुटाई। हालांकि, योजना बंद होने के बाद से विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट आ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, एफसीएनआर (बी) संसाधनों का इस्तेमाल और डॉलर की बिक्री के जरिये आरबीआई की ओर से रुपये को संभालने के लिए किए गए प्रयासों के कारण विदेशी मुद्रा भंडार में तेज गिरावट आई है। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 23 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 1.35 अरब डॉलर बढ़कर 593.20 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 2.65 अरब डॉलर घटकर 103.15 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 27 लाख डॉलर बढ़कर 18.60 अरब डॉलर हो गए। आरबीआई के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में देश का आरक्षित जमा 40 लाख डॉलर घटकर 4.78 अरब डॉलर रह गया।

जापानी-जर्मन तकनीक से बने कृत्रिम अंगों का वितरण एक को

लखनऊ, 30 अक्टूबर। आधुनिक तकनीक दिव्यांगजनों के जीवन में आत्मनिर्भरता की नई राह खोल रही है। इसी दिशा में नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर की ओर से 1 नवंबर को लखनऊ के विभूति खंड स्थित किसान बाजार के दयाल गेटवे होटल में नि:शुल्क कृत्रिम अंग फिटमेंट शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में 432 दिव्यांगजनों को जापानी-जर्मन तकनीक से निर्मित 549 मॉड्यूलर नारायण लिंब एवं कैलिपर्स नि:शुल्क प्रदान किए जाएंगे। भारत के 14वें राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द सुबह 11 बजे शिविर का उद्घाटन करेंगे। शिविर में 270 आधुनिक तकनीक से निर्मित कृत्रिम अंग तथा 279 कैलिपर्स लगाए जाएंगे। जोकि पूर्व चयनित है। मॉड्यूलर तकनीक की विशेषता है कि कृत्रिम अंगों को लाभार्थी की शारीरिक संरचना और जरूरत के अनुरूप फिट एवं समायोजित किया जा सकता है। हल्के और सुविधाजनक डिजाइन से इनके उपयोग में सहजता आती है। विशेषज्ञ टीम प्रत्येक लाभार्थी की आवश्यकता के अनुसार फिटमेंट करेगी। इसके साथ चलने, संतुलन बनाने और कृत्रिम अंगों का सही उपयोग करने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।शिविर सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। नारायण सेवा संस्थान के शिविर प्रभारी रमेश शर्मा ने बताया कि संस्थान का प्रयास केवल कृत्रिम अंग उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों को सामान्य जीवन की गतिविधियों में अधिक स्वतंत्रता के साथ भाग लेने योग्य बनाना है।

दुबई खुशनुमा मौसम में पर्यटकों के लिये तैयार

दुबई। तापमान में नरमी आने के साथ ही दुबई के समुद्र तट, पार्क, ट्रेल्स और ओपन-एयर स्थल शहर में एक अलग ऊर्जा भर देते हैं। तट के किनारे सुबह-सुबह की दौड़ और बीच पर फिटनेस सेशन से लेकर वीकेंड बाज़ारों, पहाड़ी रोमांच और खुले आसमान के नीचे डिनर तक, ठंडे महीने पर्यटकों को दुबई को आउटडोर अंदाज़ में अनुभव करने के और भी कई तरीके देते हैं। चाहे परिवार के साथ एक सक्रिय दिन बिताना हो या पानी के किनारे अचानक बनी कोई शाम, शहर के आउटडोर कैलेंडर में तलाशने के लिए बहुत कुछ है। जिसमें काइट बीच, दुबई फिटनेस चैलेंज, पहाड़ी रास्ते, आउटडोर बाज़ारों के नाम, खोजिए दौड़ने का नया पसंदीदा रास्ता और खुले आसमान तले लें खाने का लुत्फ ले सकते है।

हिंदुस्तान जिंक के प्रदर्शन में आ रही मजबूती



मुम्बई। हिंदुस्तान जिंक की नई उत्पादन क्षमताओं, परिचालन सुधारों और तकनीक में किए गए निवेश से कंपनी के प्रदर्शन में मजबूती आ रही है। कंपनी की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही के लिए शेयरधारकों को लिखे पत्र में यह बात कही। हेब्बर ने कहा खनन क्षेत्र में प्रगति को शायद ही कभी किसी एक तिमाही के आधार पर मापा जा सकता है।

वन प्लस ने फेस्टिव सेल को आगे बढ़ाया

मुम्बई। वनप्लस ने अपने स्मार्टफोन, टेबलेट और ऑडियो पोर्टफोलियो पर अतिरिक्त ऑफर्स के साथ फेस्टिव सेल को आगे बढ़ा दिया है। इस फेस्टिव कैंपेन के अंतर्गत वनप्लस डिवाइस अब तक के सबसे कम मूल्य पर पेश की गई हैं, जिसके बाद वनप्लस 15आर की कीमत घटकर 59,999 रुपये और वनप्लस एन6एक्स की कीमत 17,499 रुपये हो गई है। ये फेस्टिव ऑफर पहले से चल रहे हैं।

डीएचएल एक्सप्रेस की शिपमेंट पर त्योहारी छूट

मुम्बई। डीएचएल एक्सप्रेस पूरे भारत में अपने ग्राहकों के लिए विशेष त्योहारी छूट के साथ दिवाली का उत्सव मना रही है। सीमित अवधि के लिए उपलब्ध यह ऑफर 14 नवंबर तक मान्य है। इसके तहत ग्राहकों को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू शिपमेंट पर 60 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी।

पारिजात ने लॉन्च किया डबल-एक्शन हर्बीसाइड 'कॉन्टेक्स्ट'

नई दिल्ली। पारिजात इंडस्ट्रीज ने गेहूं में चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों के प्रभावी प्रबंधन के लिए फ्लूरोक्सीपायर और मेट्रिब्यूज़िन से बना पोस्ट-एमर्जेन्ट हर्बीसाइड 'कॉन्टेक्स्ट' लॉन्च किया है। पेटेंट टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म और दो पूरक क्रियाविधियों के संयोजन से युक्त, कॉन्टेक्स्ट को खरपतवार प्रबंधन की उभरती चुनौतियों का समाधान करने और गेहूं की खेती में प्रभावी खरपतवार नियंत्रण में सहायता करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

तमिलनाडु मर्कंटाइल बैंक के वित्तीय परिणाम को मंजूरी

थूथुकुडी। तमिलनाडु मर्कंटाइल बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने 26 अक्टूबर को थूथुकुडी में आयोजित अपनी बैठक में 30 सितंबर को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। परिणामों की घोषणा बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी साली एस नायर ने की।

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
DELHI TECHNOLOGICAL UNIVERSITY
Established by Govt. of NCT of Delhi vide Act 6 2009
(Formerly Delhi College of Engineering)
Shahbad Daulatpur, Bawana Road, Delhi- 110042

F.DTU/Rectt./Assistant Prof./2026/F-1018/5603 Dated: 22/10/2026

Advertisement Notice No. 04/2026

RECRUITMENT FOR THE POSTS OF ASSISTANT PROFESSOR INCLUDING BACKLOG VACANCIES WITH SPECIAL DRIVE FOR PwBD CATEGORY

Opening Date & Time for Submission of Online Applications: - **23rd October, 2026 from 11:00 AM onwards**
Closing Date & Time for Submission of Online Applications: - **07th December, 2026 till 05:00 PM**

Delhi Technological University is a teaching-cum-research University committed to foster excellence in education, research, technology incubation, product innovation, outreach and extension activities in Engineering, Management, and Applied Sciences. The University invites applications from the talented individuals to fill up the posts of Assistant Professor on direct mode of recruitment. The details of the vacancy position are as given below:

S. No.	Discipline	UR	SC	ST	OBC	EWS	Total Vacant posts	PwBD*
A	B	C	D	E	F	G	H	I
1.	Applied Chemistry	0	1	0	3	0	4	0
2.	Chemical Engineering	1	0	1	2	0	4	0
3.	Applied Mathematics	4	1	0	3	3	11	1
4.	Mathematics & Computing	1	0	0	1	0	2	0
5.	Applied Physics	7	2	2	3	1	15	1
6.	Engineering Physics	1	2	0	6	2	11	1
7.	Automobile Engineering	6	1	1	2	2	12	1
8.	Civil Engineering	7	2	2	6	3	20	2
9.	Management (DSM)	0	3	2	3	2	10	1
10.	Electronics & Communication Engineering	1	1	0	1	1	4	0
11.	Electrical Engineering	2	1	1	2	2	8	0
12.	Environmental Science & Engineering	3	1	0	2	0	6	1
13.	Humanities (Economics)	1	1	1	2	0	5	0
14.	Humanities (English)	1	0	1	1	0	3	0
15.	Production Engineering	9	3	1	5	2	20	2
16.	Mechanical Engineering	2	4	1	9	2	18	2
17.	Information Technology	1	1	1	6	0	9	1
18.	Software Engineering	2	0	0	1	0	3	0
19.	Computer Science & Engineering	7	1	6	16	6	36	3
20.	Economics (USME)	0	0	0	1	0	1	0
21.	Design	2	0	0	1	0	3	0
22.	Biotechnology	1	1	0	2	2	6	1
23.	Geospatial Science#	0	0	1	0	1	2	0
24.	Geospatial Technology#	3	1	0	2	0	6	0
	Total	**62**	**27**	**21**	**80**	**29**	**219**	**17**

* For applicable Benchmark Disability for these posts, reference be made to the detailed advertisement available at the university website i.e. www.dtu.ac.in.
# The regularisation of incumbents against these posts shall be after the application for creation, approval and sanction of these posts, as at present these posts have been borrowed from the sanctioned posts of other disciplines.
The above-mentioned vacancies are provisional and can be varied as per the requirement of the University.
For the detailed advertisement candidates are required to visit the university website i.e. www.dtu.ac.in. The interested candidates are required to fill up the application form through ONLINE mode only available at University website www.dtu.ac.in. Candidates are required to retain a copy of printout of the application form. All further communications related to recruitment will be displayed on the university website from time to time. In this regard, no personal communication will be entertained.
Registrar